झारखण्ड सरकार

कार्यालय

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,दुमका(झारखंड)

(जिला राजस्व शाखा)

पत्रांक /रा0

प्रेषक,

उपायुक्त,
दुमका।

सेवा में,

संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
झारखण्ड राँची।

दुमका दिनांक

विषय:– कॉनवेशन हॉल निर्माण हेतु वैकल्पिक भूमि चिन्हितीकरण के संबंध में।

प्रसंग:– आपका पत्रांक 2617 (भ0) दिनांक 19.9.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि दुमका जिला में कॉन्वेशन हॉल निर्माण हेतु वैकल्पिक भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। पूर्व में अंचल अधिकारी, दुमका द्वारा मौजा रसिकपुर थाना नं0– 02 खाता नं0– 191 दाग नं0–1336 अंश रकवा–1.17 एकड़ एवं उसी मौजा के खाता नं0– 194 दाग नं0– 1337 अंश रकवा– 0.30 एकड़ तथां मौजा– कड़हलबील थाना नं0–14 खाता नं0–90 दाग नं0–323 अंश रकवा–0.20 एकड़, दाग नं0–324 रकवा– 0.33 एकड़ संयुक्त रकवा– 2.00 एकड़ कृषि विभाग के अर्जित भूमि पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड राँची से प्राप्त अनापत्ति पर अन्तर्विभागीय निःशुल्क भू–हस्तांतरण हेतु अभिलेख उपलब्ध कराया गया है। चिन्हित भूमि दुमका समाहरणालय भवन से मात्र 2 (दों) किलोमीटर पर दुमका–पाकुड़ पथ से सटा हुआ है। यह भूमि सदर प्रखड़ कार्यालय से लगभग 1 (एक)किलोमिटर पहले है। कृषि विभाग के अर्जित भूमि पर पत्रांक– 2414 दिनांक 29.8.2017 द्वारा दुमका शहर से दूर होने एवं रख–रखाव में अतिरिक्त व्यय की आशंका व्यक्त करते हुए शहर के निकट वैकल्पिक भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव का माँग किया गया है।. अंचल अधिकारी, दुमका को दुमका शहर के नजदीक भूमि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था। अंचल अधिकारी, दुमका द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि दुमका शहर में पूर्व प्रस्तावित भूमि से नजदीक 2.00 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है। मौजा– रसिकपुर एवं कड़हलबील में संयुक्त रकवा–2.00 एकड़ भूमि कॉन्वेशन हॉल निर्माण हेतु सभी दृष्टिकोण से उपयुक्त है, जो समाहरणालय भवन से लगभग 2 (दों) किलोमीटर पर है। इससे उपयुक्त सरकारी भूमि दुमका शहर के नजदीक उपलब्ध नहीं है।

अतः अनुरोध है कि दुमका जिला में कृषि एवं अन्य वृहद् कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए मौजा रसिकपुर एवं कड़हलबील के प्रस्तावित संयुक्त रकवा–2.00 एकड़ भूमि पर बहुउद्देशीय कॉन्वेशन हॉल निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/-

उपायुक्त
दुमका।

ज्ञापांक 1627/रा0 दुमका दिनांक 16-10-17

प्रतिलिपि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, दुमका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उपायुक्त
दुमका।